JALAUN POLICE

**दिनांक- 25.07.2026**

**थाना रामपुरा पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान चोरी की घटना कारित करने वाले 03 अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया , जिनके कब्जे से अवैध असलहा, जिंदा/खोखा कारतूस, पीली व सफेद धातु के आभूषण व नगदी इत्यादि बरामद ।**

अवगत कराना है कि दिनांक 16/17-05-26 की रात्रि में वादी श्री कन्हई सिंह पुत्र मुलू सिंह निवासी ग्राम मई थाना रामपुरा जनपद जालौन के घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी , जिसके संबन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना रामपुरा पर मु0अ0सं0 35/2026 धारा 331(4)/305ए बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था ।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में जालौन पुलिस टीम द्वारा अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था । थाना रामपुरा पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में 03 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया , जिसमें 02 शातिर चोर, पैर में गोली लगने से घायल हुए तथा अन्य 01 चोर को पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया । घायल अभियुक्तगण बृजेन्द्र राजपूत एवं विवेक राजपूत उपरोक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है ।

उक्त पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

**अभियुक्तगण का विवरण-**

1. बृजेन्द्र राजपूत पुत्र मथुरा प्रसाद उम्र 22 वर्ष नि0ग्रा0 बिलगांव पथरिया डेरा थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर (घायल)
2. विवेक राजपूत उर्फ इक्का पुत्र मुन्ना राजपूत उम्र 22 वर्ष नि0ग्रा0 खडेही लोधन थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर ( घायल)
3. सोनू यादव पुत्र लखन यादव उम्र 22 वर्ष निवासी बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा

**अभियुक्त बृजेन्द्र राजपूत उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 261/22 धारा 380/411/457 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर

2.मु0अ0सं0 277/22 धारा 380/411/457 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर

3.मु0अ0सं0 479/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना राठ जनपद हमीरपुर

4.मु0अ0सं0 657/22 धारा 380/411/457 भादवि थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन

5.मु0अ0सं0 123/23 धारा 34/380/403/411/457 भादवि 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चिकासी जनपद हमीरपुर

6.मु0अ0सं0 66/24 धारा 201/302 भादवि थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

**अभियुक्त विवेक राजपूत उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 149/22 धारा 380/411/457 भादवि थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर
2. मु0अ0सं0 151/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर
3. मु0अ0सं0 184/22 धारा 380/457 भादवि थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर
4. मु0अ0सं0 07/23 धारा 2/3 गिरोहबन्द थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर
5. मु0अ0सं0 36/24 धारा 380/411/457 भादवि थाना कोतवाली नगर जनपद महेबा
6. मु0अ0सं0 209/25 धारा 305(a)/1317(4)/331(4) बीएनएस थाना पैलानी जनपद बांदा

**पूछताछ का विवरण-** प्रारम्भिक पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा स्वीकार किया गया है कि दिनांक 16.05.2026 की रात्रि में हम लोगों ने ग्राम मई थाना रामपुरा में चोरी की घटना की थी । आज भी हम लोग इसी तरह की घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। विस्तृत पूछताछ का विवरण अलग से अंकित किया जायेगा।

**बरामदगी का विवरण-**

1- 02 अदद तमंचा 315 बोर, 03 अदद ज़िंदा कारतूस 315 बोर व 04 अदद खोखा कारतूस 315 बोर
2- 01 अदद कटर, 01 अदद पेचकस तथा 01 अदद प्लास, 01 अदद हथौड़ा 03 मोबाइल फोन मय बैग
3- एक अदद दो पहिया वाहन बिना नम्बर प्लेट
4- 02 जोड़ी पायल सफेद धातु, 01 जोड़ी सुई धागा पीली धातु
5- 14,470/- रुपये।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक थाना रामपुरा मय टीम।
2. एसओजी/सर्विलांस टीम जनपद जालौन।